खो-खो में पुलिस टीम रही अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। पुलिस विभाग की ओर से महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की जोन स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई। 10 से 13 सितंबर तक संतकबीरनगर जिले में आयोजित प्रतियोगिता में खो-खो में जिला पुलिस की पुरुष टीम जोन में अव्वल रही। कबड्डी में महिला टीम को दूसरा स्थान मिला। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने शील्ड व मेडल देकर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन संतकबीर नगर में कराया गया। इसमें जिला पुलिस के पुरुष खिलाड़ियों ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी में दूसरा स्थान पाने वाली टीम को प्रमाण पत्र प्रदान करते एसपी। -स्रोतः पुलिस

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रावस्ती पुलिस का मान बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों को एसपी घनश्याम चौरसिया ने मेडल पहनाया। उन्होंने कहा कि जिले के 22 खिलाड़ियों ने संतकबीर नगर स्थित खलीलाबाद पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सभी ने उच्च कोटि का प्रदर्शन किया गया। इससे जिला पुलिस को सभी पर गर्व है।

इस दौरान टीम मैनेजर निरीक्षक विजय कुमार सिंह व टीम कोच प्रधान आरक्षी रविंद्र कुमार यादव को भी बधाई दी। इस मौके पर सीओ संतोष कुमार, सतीश कुमार, प्रशिक्षु सीओ आलोक कुमार सिंह व आरआई अखिलेश कुमार सहित सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।